# कंवर  दुर्गा चन्द राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर

# जनपद  कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश )

# वार्षिक प्रतिवेदन 2024-2025

## मुख्य अतिथि का स्वागत

इस भव्य समारोह के **मुख्य अतिथि** माननीय **ई० यादविन्द्र गोमा जी कैबिनेट मंत्री (आयुष, युवा सेवाएँ और खेल, कानून एवं विधि परामर्श) हिमाचल प्रदेश** हैं। महाविद्यालय परिवार के लिए यह **गर्व और परम सौभाग्य** की बात है कि हमें आपके सानिध्य का अवसर प्राप्त हो रहा है।

मैं, महाविद्यालय प्राचार्य**, उपेन्द्र शर्म**  **महाविद्यालय के प्राध्यापक वर्ग, गैर-शिक्षक वर्ग, केंद्रीय छात्र परिषद, समस्त विद्यार्थियों** एवं अपनी ओर से **आपका हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत** करता हूँ। साथ ही, इस समारोह में उपस्थित **सभी गणमान्य अतिथियों** का भी मैं सहृदय स्वागत करता हूँ, जिनकी उपस्थिति से यह कार्यक्रम और अधिक **उल्लासपूर्ण एवं गरिमामय** हो गया है।

## महाविद्यालय का परिचय

यह महाविद्यालय महाराजा संसार चंद की जन्मभूमि एवं ऐतिहासिक महत्व की नगरी **जयसिंहपुर** में स्थित है। वर्षों से यह संस्थान इस क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए **शिक्षा का प्रकाश स्तंभ** बनकर उभरा है, जो न केवल **शिक्षा के प्रसार** में सहायक है, बल्कि विद्यार्थियों के **समग्र विकास** में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

संस्थान में **शैक्षणिक विस्तार एवं आधुनिक शिक्षा प्रणाली** को ध्यान में रखते हुए, इस वर्ष से Bachelor of Computer Applications (**BCA) एवं** Post Graduate Diploma in Computer Application **(PGDCA) जैसे स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम** प्रारंभ किए गए हैं। इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों को **तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा** से जोड़कर उनके करियर को सशक्त बनाना है। आधुनिक तकनीकों एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा क प्रति छात्रों की रुचि को प्रोत्साहित करने के लिए महाविद्यालय निरंतर प्रयासरत है।

पूर्व में यह संस्थान "**ब्यास  वैली निजी महाविद्यालय**" के रूप में संचालित था। क्षेत्रीय जनता की जन-भावनाओं एवं इस क्षेत्र की शैक्षिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, **6 फरवरी 2007** को तत्कालीन प्रदेश सरकार द्वारा इसका अधिग्रहण किया गया और इसे "**कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय, जयसिंहपुर**" नाम प्रदान किया गया।

आज यह महाविद्यालय अपने भव्य भवन में संचालित हो रहा है, और इसका परिसर विस्तार एवं आधारभूत संरचना का विकास लगातार प्रगति पर है, जिससे विद्यार्थियों को और अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत महाविद्यालय में **कंवर दुर्गा चन्द जी की प्रतिमा स्थापित की गई**, जिसका **अनावरण आज 06 मार्च 2025 को हमारे माननीय कैबिनेट मंत्री श्री यादविंद्र गोमा** जी द्वारा किया गया।इस प्रतिमा की स्थापना में कई समाजसेवियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। निकटवर्ती गांव सुभाष नगर के निवासी एवं जयपुर में अपन व्यवसाय करने वाले समाजसेवी **श्री अजय सिंह पटियाल** जी ने प्रतिमा को **जयपुर से क्रय करने** में सहायता प्रदान की, जबकि जयसिंहपुर के ही **श्री अनूप शर्मा जी**, जो पंजाब नेशनल बैंक से सेवानिवृत अधिकारी हैं, ने इसे महाविद्यालय तक पहुँचाने में अपना अमूल्य सहयोग दिया। इन दोनों महानुभावों ने निःस्वार्थ सेवा-भाव (निष्काम सेवा-भाव) का परिचय दिया, जो समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

केवल यही नहीं, हमारे मंत्री महोदय की प्रेरणा से निकटवर्ती गांव रक्कड़ के समाजसेवी व्यवसायी **श्री गणेश शर्मा जी** ने भी महाविद्यालय के प्रति अपनी सेवा भावना को प्रकट करते हुए विद्यार्थियों के उपयोग हेतु **छः कंप्यूटर दान किए हैं**। यह योगदान निश्चित रूप से विद्यार्थियों की शैक्षणिक उन्नति में सहायक सिद्ध होगा।

महाविद्यालय परिवार इन सभी महानुभावों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता है, जिनकी निःस्वार्थ सेवा और समर्पण ने इस संस्थान को और अधिक सशक्त एवं संसाधन-संपन्न बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

मान्यवर, आपने अपनी **व्यस्तताओं के बावजूद** इस समारोह में उपस्थित होकर हमें **कृतार्थ एवं गौरवान्वित** किया है। महाविद्यालय परिवार आपका **हृदय से आभार प्रकट करता है**।

अब मै आपके समक्ष **सत्र 2024-25 का वार्षिक प्रतिवेदन** प्रस्तुत करने की अनुमति चाहता हूँ।

## विद्यार्थी संख्या

इस महाविद्यालय में सत्र 2024-2025 के दौरान तीनों संकायों में विद्यार्थियों की कुल संख्या इस इस प्रकार है -

| **क्रमांक** | | **कक्षा** | **छात्र** | **छात्राएं** | **योग** |
|---|---|---|---|---|---|

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **कला संकाय** | बी.ए प्रथम | 31 | 35 | 66 |
| 2 | | बी.ए द्वितीय | 19 | 50 | 69 |
| 3 | | बी.ए तृतीय | 11 | 64 | 75 |
| 4 | **वाणिज्य संकाय** | बी. कॉम प्रथम | 14 | 20 | 34 |
| 5 | | बी. कॉम द्वितीय | 16 | 17 | 33 |
| 6 | | बी. कॉम तृतीय | 19 | 13 | 32 |
| 7 | **विज्ञान संकाय** | बी. एस. सी प्रथम | 01 | 14 | 15 |
| 8 | | बी. एस. सी द्वितीय | 0 | 05 | 05 |
| 10 | | बी. एस. सी तृतीय | 0 | 06 | 06 |
| **योग** | | | **111** | **224** | **335** |

इस वर्ष महाविद्यालय में पहली बार BCA एवं PGDCA जैसे स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं जिनमें इस सत्र के दौरान विद्यार्थियों की कुल संख्या इस प्रकार है-

| **क्रमांक** | | **कक्षा** | **छात्र** | **छात्राएं** | **योग** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **BCA** | प्रथम वर्ष | 47 | 13 | 60 |
| 2 | **PGDCA** | प्रथम वर्ष | 6 | 12 | 18 |

## प्राध्यापक वर्ग

| **विषय** | **स्वीकृत पद** | **भरे हुए पद** | | **रिक्त पद** |
|---|---|---|---|---|
| | | **स्थायी** | **अनुबंधित** | |
| **प्राचार्य** | **01** | **01** | **-** | **-** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| इंग्लिश | 01 | - | - | 01 |
| हिंदी | 01 | - | - | 01 |
| अर्थशास्त्र | 01 | 01 | | - |
| राजनीति शास्त्र | 01 | - | 01 | - |
| इतिहास | 01 | 01 | - | - |
| गणित | 02 | 01 | 01 | - |
| भूगोल | 01 | - | 01 | - |
| शारीरिक शिक्षा | 01 | - | - | 01 |
| मनोविज्ञान | 01 | - | 01 | - |
| दर्शनशास्त्र | 01 | - | 01 | - |
| संगीत (वादन ) | 01 | - | 01 | - |
| वाणिज्य विज्ञान | 02 | 01 | 01 | - |
| भौतिकी | 02 | 01 | - | 01 |
| रसायन शास्त्र | 02 | 01 | 01 | - |
| वनस्पति विज्ञान | 01 | - | 01 | - |
| जीव विज्ञान | 02 | - | 01 | 01 |
| योग | 22 | 07 | 10 | 05 |

## गैर-शिक्षक वर्ग

| वर्ग | स्वीकृत पद | स्थाई पद | अनुबंधित पद | खाली पद | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| पुस्तकालय अध्यक्ष | **01** | **01** | **-** | **-** | **-** |
| सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष | **01** | **01** | **-** | **-** | **-** |
| पुस्तकालय परिचर | **01** | **-** | **-** | **01** | **-** |
| रिस्टोरर | **01** | **-** | **-** | **01** | **-** |
| लैब अटेंडेंट | **05** | **01** | **-** | **04** | **-** |
| जूनियर लैब अटेंडेंट | **02** | **-** | **-** | **02** | **-** |
| तबला वादक | **01** | **-** | **-** | **01** | **-** |
| सुपरिंटेंडेंट ग्रेड **I** | **01** | **01** | **-** | **-** | **-** |
| सुपरिंटेंडेंट ग्रेड **II** | **01** | **-** | **-** | **01** | **-** |
| सीनियर असिस्टेंट | **01** | **01** | **-** | **-** | **-** |
| क्लर्क | **03** | **01** | **01** | **01** | **-** |
| स्टोर कीपर | **01** | **01** | **-** | **01** | **-** |
| चौकीदार ( दिन | **02** | **02** | **-** | **-** | **-** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **/रात )** | | | | | |
| **चपरासी** | **03** | **02** | **-** | **01** | **Retired on 28th Feb** |
| **माली** | **01** | **01** | **-** | **-** | **-** |
| **सफ़ाई कर्मचारी** | **02** | **-** | **-** | **02** | |
| **योग** | **26** | **12** | **01** | **15** | **-** |

## आगमन एवं प्रस्थान

स्थानांतरण सरकारी सेवाओं का अभिन्न पहलू है।इस सत्र में निम्न स्थानांतरण हुए हैं:-

**वर्तमान सत्र में निम्नलिखित गैर  शिक्षक कर्मचारी इस महाविद्यालय में भिन्न-भिन्न महाविद्यालयों से स्थानांतरित होकर आए जो इस प्रकार से हैं:-**

श्री विनोद कुमार शर्मा (सुपरिंटेंडेंट ग्रेड 1 )

श्री सुरेंद्र कुमार (क्लर्क )

**सत्र में निम्नलिखित शिक्षक व  गैर  शिक्षक इस महाविद्यालय से स्थानांतरित होकर अन्य महाविद्यालयों में गए:-**

डॉ खुशी राम भगत  ( प्राध्यापक, शारीरिक  शिक्षा )

श्री  मिल्खी राम ( सुपरिन्टेन्डेन्ट ग्रेड 2 )

## इस  सत्र में सेवानिवृत्त

डॉ  सुरजीत सिंह राणा ( प्राध्यापक, अंग्रेज़ी )

श्रीमती लता देवी (चपरासी )

## नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत एवं शैक्षणिक संसाधन

इस वर्ष महाविद्यालय में Bachelor of Computer Applications (**BCA)** एवं Post Graduate Diploma in Computer Application (**PGDCA)** जैसे नए **स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम** प्रारंभ किए गए, जिनके प्रथम सत्र में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रवेश लिया। इन पाठ्यक्रमों के सफल संचालन हेतु आवश्यक **शैक्षणिक संसाधनों** की व्यवस्था की गई तथा पुस्तकालय में संबंधित पुस्तकों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई। विद्यार्थियों ने पूरे वर्ष अध्ययन के साथ-साथ पाठ्येत्तर गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी दिखाई, जिससे उनकी **शैक्षणिक उपलब्धियों में सकारात्मक वृद्धि** हुई।

## उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम

महाविद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम संतोषजनक रहा। नए पाठ्यक्रमों **BCA** एवं **PGDCA** के प्रथम सत्र में विद्यार्थियों ने **उल्लेखनीय प्रदर्शन** किया। प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं में **शत-प्रतिशत** (100%) परिणाम प्राप्त हुआ, जो उनकी मेहनत और संकाय सदस्यों के समर्पण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। यह सफलता महाविद्यालय के उच्च शैक्षणिक स्तर और प्रभावी शिक्षण प्रणाली को भी दर्शाती है।

## छात्रवृत्तियां

सरकार के द्वारा विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत सत्र 2024-2025 के लिए विभिन्न छात्रवृत्तियों  के लिए बजट आबंटन  हेतु विद्यार्थियों के आवेदन स्वीकृति के लिए भेजे गए हैं।

| **संख्या** | **छात्रवृत्ति** | **छात्र** |
|---|---|---|

| | | |
|---|---|---|
| **1** | **मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना** | **16** |
| **2** | **सेंट्रली स्पॉन्सर्ड पोस्ट मेट्रिक स्कालरशिप फॉर SC स्टूडेंट्स** | **26** |
| **3** | **PM यशस्वी पोस्ट मेट्रिक स्कालरशिप फॉर OBC ,EBC एंड DNT स्टूडेंट्स ऑफ़ H.P** | **OBC -13**<br>**EBC -19** |

इसके अतिरिक्त, हमारे महाविद्यालय में जरूरतमंद विद्यार्थियों को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से गैर-सरकारी छात्रवृत्तियाँ भी उपलब्ध कराई जाती हैं। इनमें **"रमा गांधी छात्रवृत्ति योजना"** एवं **"दुर्गा दास छात्रवृत्ति योजना"** शामिल हैं, जिनके माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने में सहायता दी जाती है।

इसके साथ ही, इस वर्ष हमारे महाविद्यालय से 7 छात्रों ने **प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना** (PM Internship Scheme) में अपना पंजीकरण भी कराया है, जिससे विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव और कौशल विकास के नए अवसर प्राप्त होंगे। यह योजना छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होगी।

## **<u>पुस्तकालय</u>**

विद्यार्थियों में ज्ञान एवं बौद्धिक विकास हेतु पुस्तकालय की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। हमारा पुस्तकालय समृद्ध पुस्तक एवं पत्रिका संग्रह के साथ विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए एक आदर्श अध्ययन केंद्र है। वर्तमान में पुस्तकालय में विभिन्न विषयों से संबंधित **4594 पुस्तकें** उपलब्ध हैं, जो छात्रों को उनके शैक्षणिक एवं बौद्धिक विकास में सहायक सिद्ध होती हैं।

हमारे पुस्तकालय में **4 पत्रिकाएं** एवं **6 समाचार पत्र** उपलब्ध हैं, जिनमें **रोज़गार समाचार** भी शामिल है, जो विद्यार्थियों को नवीनतम करियर संबंधी जानकारी प्रदान करता है। पुस्तकालय में **100 विद्यार्थियों के बैठने की सुविधा** उपलब्ध है, जिससे वे शांत वातावरण में अध्ययन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, शिक्षकों के लिए **एक पृथक विभाग** बनाया गया है। बारह टेबल कैबिन पर **चार्जिंग सॉकेट्स** की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे सभी अपने डिजिटल साधनों का भी उपयोग कर सकें।

इस वर्ष महाविद्यालय में प्रारंभ किए गए **नए स्ववित्तपोषित** पाठ्यक्रमों **(BCA एवं PGDCA)** से संबंधित पुस्तकों को भी पुस्तकालय में शामिल किया गया है। विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों के अलावा विस्तृत अध्ययन हेतु प्रेरित

करने के लिए **एक अलग संदर्भ अनुभाग** भी पुस्तकालय में उपलब्ध है, जहाँ वे गहन अध्ययन एवं शोध कार्य कर सकते हैं।

तकनीकी प्रगति को ध्यान में रखते हुए, इस वर्ष से पुस्तकालय में **ऑनलाइन पुस्तक निर्गम एवं वापसी सुविधा** प्रारंभ की गई है, जिससे छात्रों को डिजिटल माध्यम से पुस्तकें प्राप्त करने एवं लौटाने की सुविधा मिल रही है। हमारा पुस्तकालय छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु सतत समर्पित है और भविष्य में इसे और समृद्ध करने के प्रयास जारी पुस्तकालय में टांकरी लिपि और पहाड़ी भाषा के लिए अलग से संभाग स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा हैं।

## केन्द्रीय छात्र परिषद

लोकतांत्रिक मूल्यों के निर्माण में **केंद्रीय छात्र परिषद** की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं की नेतृत्व क्षमता विकसित करने तथा उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छात्र परिषद का गठन किया जाता है।

वर्तमान शैक्षणिक सत्र **2024-25** में छात्र परिषद का मनोनयन **सितंबर 2024** में **लिंगदोह समिति** की सिफ़ारिशों के अनुरूप संपन्न करवाया गया। वार्षिक परीक्षाओं की **योग्यता सूची में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों** को प्रतिनिधि के रूप में नामित किया गया। चयनित प्रतिनिधियों में से **वरीयता क्रम के** आधार पर निम्नलिखित प्रमुख पदाधिकारी चुने गए:

| **स. न** | **नाम** | **कक्षा** | **पद** |
|---|---|---|---|
| 1. | लक्ष्मी भाटिया | बी. एस. सी तृतीय | अध्यक्ष |
| 2 . | आशीष राणा | बी. कॉम तृतीय | उपाध्यक्ष |
| 3. | आँचल | बी.कॉम प्रथम | महासचिव |
| 4. | रितिका कटोच | बी. एस. सी प्रथम | संयुक्त सचिव |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **5** | कृति | बी.ए प्रथम | कक्षा प्रतिनिधि |
| **6** | अंशिका | बी.कॉम. प्रथम | कक्षा प्रतिनिधि |
| **7** | ऋषिता सुधा | बीएससी प्रथम | कक्षा प्रतिनिधि |
| **8** | पायल | बी.ए द्वितीय | कक्षा प्रतिनिधि |
| **9** | विभा | बी.कॉम द्वितीय | कक्षा प्रतिनिधि |
| **10** | कोमल | बीएससी द्वितीय | कक्षा प्रतिनिधि |
| **11** | रुचि | बी.ए तृतीय | कक्षा प्रतिनिधि |
| **12** | सुमित कुमार | बी.कॉम. तृतीय | कक्षा प्रतिनिधि |
| **13** | तनु राणा | बीएससी तृतीय | कक्षा प्रतिनिधि |
| **14** | अभय | बीसीए प्रथम | कक्षा प्रतिनिधि |
| **15** | सुशांत | पीजीडीसीए प्रथम | कक्षा प्रतिनिधि |
| **16** | दिव्य ज्योति | बी.ए तृतीय | खेल |
| **17** | विशाल | पीजीडीसीए | खेल |
| **18** | साइना कुमारी | बीएससी तृतीय | एनएसएस |
| **19** | आकृति | बी.ए तृतीय | एनएसएस |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **20** | अर्पित शर्मा | बी.ए.द्वितीय | एनएसएस |
| **21** | अनुज कुमार | बीए तृतीय | एनएसएस |
| **22** | अक्षय | बीए तृतीय | संस्कृति |
| **23** | गौरव | बी ० ए। द्वितीय | संस्कृति |
| **24** | पायल | बीए तृतीय | क्लब/सोसाइटी |
| **25** | पलक | बीए द्वितीय | क्लब/सोसाइटी |
| **26** | हिमांशु | बी.कॉम- द्वितीय | रोवर |
| **27** | दीक्षा कुमारी | बीए द्वितीय | रेंजर |

छात्र परिषद न केवल महाविद्यालय में **शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों** के आयोजन में सहायक होती है, बल्कि विद्यार्थियों के **सामाजिक उत्तरदायित्व** को भी विकसित करती है। महाविद्यालय प्रशासन, शिक्षकों और छात्रों के बीच **सकारात्मक संवाद** स्थापित करने में इसका विशेष योगदान रहता है।

## अभिभावक-अध्यापक संघ

इस वर्ष अभिभावक-अध्यापक संघ का गठन अगस्त 2024 को किया गया।अभिभावक-अध्यापक संघ का महाविद्यालय के विकासात्मक कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान रहता है। संघ की कार्यकारिणी सदस्यों की सूची निम्नलिखित प्रकार से है:-

| | |
|---|---|
| **संरक्षक** | प्राचार्य प्रो उपेन्द्र शर्मा |
| **अध्यक्ष** | श्री चंद्रशेखर शर्मा |
| **उपाध्यक्ष** | प्रो रविन्द्र कुमार |
| **सचिव** | प्रो किरण शर्मा |
| **संयुक्त सचिव** | श्रीमती बबलेश कुमारी |
| **मुख्य सलाहकार** | श्री जोगिंदर पठानिया |
| **कोषाध्यक्ष** | श्री अमर सिंह |
| **कार्यकारिणी सदस्य** | प्रो विकास कलोत्रा<br>डॉ अर्पित कायस्थ<br>प्रो अंशु देवी<br>श्री कुलबीर सिंह<br>श्रीमती सविता<br>श्री प्रवीण<br>श्रीमती रीना |
| **अंकेक्षक** | प्रो अरविंद कुमार<br>श्रीमति चंद्रेश कुमारी |

## <u>सांस्कृतिक गतिविधियां एवं उपलब्धियां:</u>

सांस्कृतिक गतिविधियां ही देश तथा समाज की सजीवता और समृद्धि के अतिरिक्त मानवीय जीवन मूल्य की परिचायक होती हैं। समाज क□ समग्र साधना और आकांक्षाएं इन्हीं गतिविधियों से परिलक्षित होती हैं। उनकी

अभिव्यक्ति के माध्यम से युवा पीढ़ी में अपनी संस्कृति के प्रति लगाव और समर्पण की अनुभूति होती है तथा व्यवहारिक एकता का सूत्रपात भी होता हैं। इसी दृष्टिकोण के तहत विद्यार्थियों की कलात्मक शक्ति को उभारने हेतु सांस्कृतिक गतिविधियों में उन्हें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

**.सत्र 2024-25 में प्रो ललिता शर्मा सहायक प्रोफेसर संगीत विभाग के कुशल मार्गदर्शन में महाविद्यालय के छात्रों ने स्थानीय व राज्य स्तर पर आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया।**

महाविद्यालय के छात्रों ने इस सत्र में राज्य स्तरीय दशहरा उत्सव में भी भाग लिया।

9 सितंबर 2024 को महाविद्यालय के छात्रों ने शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में इंटर कॉलेज लोकगीत तथा काव्य पाठ प्रतियोगिता में भाग लेकर काव्य पाठ प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा कनिका शर्मा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

सत्र 2024 -25 में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने डॉ. अर्पित कायस्थ व प्रो. ललिता शर्मा के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित यूथ फेस्टिवल ग्रुप -1 (creativity) व ग्रुप-3 (Group folk dance) में महाविद्यालय के इतिहास में पहली बार अपनी भागीदारी दर्ज करवाई। जिसके अंतर्गत निम्नलिखित गतिविधियां शामिल रहीं। इसका ब्यौरा निम्नलिखित तालिका में दिया गया है।

**Group-1( creativity)**

| **S. No** | **Particulars** | **No.of Participants** | **Date** | **Venue** |
|---|---|---|---|---|
| **1** | **Debate** | **2** | 14th to 16th Oct 2024 | **Govt Degree College Bila** |
| **2** | **Quiz** | **3** | 14th to 16th Oct 2024 | **Govt Degree College Bila** |
| **3** | **Elocution** | **1** | 14th to 16th Oct 2024 | **Govt Degree College Bila** |
| **4** | **On the spot painting** | **1** | 14th to 16th Oct 2024 | **Govt Degree College Bila** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **5** | **collage** | **0** | 14th to 16th Oct 2024 | **Govt Degree College Bila** |
| **6** | **Poster making** | **0** | 14th to 16th Oct 2024 | **Govt Degree College Bila** |
| **7** | **Clay modeling** | **0** | 14th to 16th Oct 2024 | **Govt Degree College Bila** |
| **8** | **Cartooning** | **0** | 14th to 16th Oct 2024 | **Govt Degree College Bila** |
| **9** | **Rangoli** | **0** | 14th to 16th Oct 2024 | **Govt Degree College Bila** |
| **10** | **Spot photography** | **1** | 14th to 16th Oct 2024 | **Govt Degree College Bila** |

Group-3 (**Group folk dance)**

| **S. No** | **Particulars** | **No.of Participants** | **Date** | **Venue** |
|---|---|---|---|---|
| **1** | **Jhamakra** | **15** | **12th to 14th Nov. 2024.** | **Gautam College Hamirp** |

## खेलकूद गतिविधियां

खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। यह हमें स्वस्थ रखने के साथ-साथ मानसिक और सामाजिक विकास का भी माध्यम है। महाविद्यालय के सत्र 2024-25 में **प्रो. खुशीराम भगत व प्रो. सचिन कुमार** के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में विद्यार्थियों में खेल भावना जागृत करने के लिए तथा उन्हें विभिन्न खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित किया गया। परिणामस्वरूप इस महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रथम बार, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित **छः अंतर-महाविद्यालय प्रतियोगिताओं** ताइक्वांडो, कबड्डी, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, चेस, क्रॉस कंट्री में भाग लिया और उन्होंने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया।

इस वर्ष की **वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता** का आयोजन 20 व 21 दिसंबर 2024 को महाविद्यालय के प्रांगण में किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्र - छात्राओं के लिए सबसे पहले 100 मी, 200 मी, 400 मी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। तत्पश्चात लॉन्ग जम्प, हाई जम्प, डिस्कस थ्रौ , जैवलिन थ्रो , शॉट पुट आदि प्रतियोगिताएं

भी हुईं। खेलकूद के अतिरिक्त महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना, रोवर - रेंजर ,रोड सेफ्टी क्लब, रेड-रिबन क्लब, द्वारा **मार्च-पास्ट** भी आकर्षण का केंद्र रहा। **वार्षिक खेलकूद** में लड़को में अक्षय B.A.-III व आयुष B.Sc-III और लड़कियों में दिव्या ज्योति B.A-III को **बेस्ट-एथलीट** चुना गया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता रहे खिलाड़ियों को महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा पदक देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कॉलेज में 21 जून को **अंतरराष्ट्रीय योग दिवस** का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्र - छात्राओं ने बढ़- चढ़ कर भाग लिया।

वार्षिक सत्र 2024-25 में महाविद्यालय द्वारा निम्नलिखित खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लिया गया :-

| **S. No** | **Particulars** | **No of Participants** | **Performance** | **Date** | **Venue** |
|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **Cross-country** | 4 | Participation | 27 Sep. 2024 | G. C. Haripur, Manali |
| **2** | **Ch**ess | 6 | Participation | 14 to 16 Oct. 2024 | G. C. Sujanpur Tira, H |
| **3** | **Taekwondo** | 5 | Gold Medalist (Women) | 23 to 24 Oct. 2024 | G. C. Amb , Una |
| **4** | **Kabaddi** | 10 | Pre-Quarter Final | 23 to 26 Oct. 2024 | G. C. Jwalaji ,Kangra |
| **5** | **Volleyball** | 10 | Participation | 23 to 26 Oct. 2024 | G. C. Seema, Rohru |
| **6** | **Basketball** | 12 | Participation | 19 to 22 Nov. 2024 | G.C.Sarkaghat, Mandi |

**खेलों में विशेष उपलब्धि:**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय **अंतर-महाविद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता (महिला व पुरुष) अंब (ऊना)** में आयोजित हुई जिसमें हमारी होनहार छात्रा **पलक शर्मा ( B.C.A - I )** ने प्रथम स्थान हासिल कर **स्वर्ण पदक** जीता। इस प्रतियोगिता के बाद पलक ने **इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स शिमला** में **3 दिवसीय कोचिंग** शिविर 08/11/2024 से 10/11/2024 में **प्रशिक्षण हासिल किया**। इसके पश्चात **गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर में** 12/11/2024 से 15/11/2024 तक **आयोजित ऑल इंडिया इंटर-यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो चैंपियनशिप (महिला)** में हिस्सा लिया।

# <u>राष्ट्रीय सेवा योजना :</u>

महाविद्यालय में सत्र 2024 - 25 में  राष्ट्रीय सेवा योजना की एक नई इकाई को चलाने की मंजूरी मिली । अब हमारे पास  **द□ इकाइयों के अंतर्गत 200 स्वयंसेवक पंजीकृत है।**

राष्ट्रीय सेवा योजना का कार्यभार कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर विकास कलोत्रा , प्रोफेसर हरजिंदर सिंह , प्रो. ललिता शर्मा व प्रो.शिवानी ने संभाला है। इस सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सलाहकार समिति  का गठन किया गया और उसके अंतर्गत दिये गए दिशा - निर्देशों के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया जो कि इस प्रकार से हैं :-

- 21 जून 2024 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा योग दिवस मनाया गया।
- 13  अगस्त 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा नजदीकी  गांव कंगेहण में पौधारोपण किया गया ।
- 24 अगस्त 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई व स्वच्छता अभियान चलाया गया।
- 24 सितंबर 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्थापना दिवस तथा कंवर दुर्गा चंद जयंती के उपलक्ष पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई   के द्वारा एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 30 लोगों ने रक्तदान किया।
- 28 सितंबर 2024 को महाविद्यालय परिसर में  राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा साफ सफाई व स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।
- 1 दिसंबर 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा (gender sensitization) लैंगिक समानता पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- 14 दिसंबर 2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा ‘अर्पण’ शीतकालीन वस्त्रदान अभियान चलाया गया इस अभियान के तहत जरूरतमंद लोगों को वस्त्र दान किए गए।

**.** महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा 17 दिसंबर 2024 से 23 दिसंबर 2024 तक सात दिवसीय विशेष शिविर लगाया गया, यह शिविर गांव डलू में लगाया गया था, वहां पर स्वयंसेवियों ने गांव , के लोगों से मेल-जोल बढ़ाया, साफ सफाई कार्यक्रम वह नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान एवं सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन तथा योग साधना जैसे कार्यक्रम भी इस शिविर में शामिल रहे।

## व्यक्तिगत उपलब्धियां

## Faculty Development Programme (FDP):-

**प्रो.रविन्द्र कुमार, प्रो.अरविंद कुमार और प्रो . अंशु देवी ने** जुलाई 2024 में Swami Devi Dayal law college Panchkula Haryana से एक साप्ताहिक FDP में भाग लिया।

**प्रो. विकास कलोत्रा, डॉ. अर्पित कायस्थ, डॉ. सुमिक्षल सूद, प्रो.हरजिंदर सिंह और प्रो. सरजनी ने** अगस्त 2024 में AVP College of Arts and Science, Tiruppur Tamilnadu India and Department of English St. John's College of Arts and Science Ammandivilai and in collaboration with Cape Comorianb Trust India द्वारा आयोजित एक साप्ताहिक FDP में भाग लिया।

**प्रो.रविन्द्र कुमार, डॉ. अर्पित कायस्थ, डॉ. सुमिक्षल सूद, प्र.अरविंद कुमार, प्रो.रजनी देवी, प्रो. सचिन कुमार, प्रो. हरजिंदर सिंह, प्रो . अंशु देवी,प्रो. ललिता शर्मा, डॉ.आस्था गुप्ता, प्रो.सरजनी , प्रो.पूनम शर्मा और प्रो.शिवानी ने** सितंबर 2024 में MMTTC Kumaun university Nainital Uttarakhand द्वारा आयोजित दो सप्ताह ऑनलाइन FDP में भाग लिया।

## Faculty Induction Programme (FIP) :-

**प्रो.रजनी, प्रो. हरजिंदर सिंह, प्रो. ललिता शर्मा, डॉ.आस्था गुप्ता और प्रो. सरजनी ने** दिसंबर 2024 में MMTTC Ramanujan College Delhi द्वारा आयोजित एक माह FIP में भाग लिया।

**प्रो. शिवानी ने** जनवरी 2025 में Central University of Haryana द्वारा आयोजित एक माह FIP में भाग लिया।

## **Conferences:-**

**प्रो. रविन्द्र कुमार और प्रो. विकास कलोत्रा ने अक्टुबर** 2024 में Department of History Himachal Pradesh University Regional Centre Dharamshala Kangra द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।

**डॉ.अर्पित कायस्थ, डॉ. इंद्र कुमार और डॉ. सुमिक्षल सूद, डॉ.आस्था गुप्ता और प्रो. सरजनी ने** नवंबर 2024 में राजकीय महाविद्यालय भोरंज द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।

**डॉ.अर्पित कायस्थ ने सितंबर 2024 में** राजकीय महाविद्यालय नूरपुर द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया और नवंबर 2024 में Career Point University Hamirpur द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।

**डॉ.अर्पित कायस्थ और प्रो. किरण शर्मा ने** सितंबर 2024 में राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।

**डॉ.अर्पित कायस्थ, डॉ. सुमिक्षल सूद, प्र. किरण शर्मा, प्रो . अरविंद कुमार, प्रो.अंशु देवी और प्रो. पूनम शर्मा ने** अक्टूबर 2024 में राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।

**प्रो. किरण शर्मा ने** नवंबर 2024 में NIT हमीरपुर द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।

**डॉ. सुमिक्षल सूद ने** नवंबर 2024 में CPU Hamirpur द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।

**प्रो. रजनी ने** नवंबर 2024 में ताशकंद यूनिवर्सिटी, उज़्बेकिस्तान द्वारा आयोजित एक दिवसीय (ऑनलाइन ) अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया ।

**प्रो. हरजिंदर सिंह ने** अक्टूबर 2024 में NIT हमीरपुर द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया व नवंबर 2024 में केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।

**प्रो. शिवानी ने** नवंबर 2024 में Punjab University द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया व दिसंबर 2024 में International Council for Education Research and Training (ICERT) institute द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया।

## Workshop:-

**प्रो. किरण शर्मा** ने जनवरी 2025 में ICSSR WRC Mumbai द्वारा आयोजित दस दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला में भाग लिया।

**प्रो. रजनी ने** अक्टूबर 2024 में हैदराबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित चार दिवसीय वर्कशॉप में भाग लिया ।

## Patent:-

**डॉ. आस्था गुप्ता ने कैंसर थेरेपी के एक नए आविष्कार पर Patent office Govt. Of India से पेटेंट प्रमाण पत्र प्राप्त किया।**

## Publications:-

**डॉ. इंद्र कुमार के** द्वारा Royal society of chemistry general organic and biomolecular chemistry में **एक शोध पत्र** प्रकाशित किया गया।

**प्रो. अरविंद के** द्वारा National Journal of Glimpses में **एक शोध पत्र** प्रकाशित किया।

**प्रो. हरजिंदर  सिंह** के द्वारा Journal of Rajasthan Academy of Physical Sciences में **एक शोधपत्र** प्रकाशित किया गया।

**प्रो. रजनी के** द्वारा Anhad  Lok  में **एक शोध** पत्र प्रकाशित किया गया ।

**प्रो. शिवानी के द्वारा** Journal of Indian Hydrobiology and International Journal of Zoological Investigation में **दो शोध पत्र** प्रकाशित किए गए।

## Refresher Course:-

**डॉ. इंद्र कुमार ने** सितंबर 2024 में MMTTC  Kumaun university Nainital Uttarakhand द्वारा आयोजित चौदह दिवसीय  रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया।

**प्रो. रविन्द्र कुमार, प्रो. अरविंद कुमार ने** नवंबर 2024 में Jammu University से commerce विषय में पंद्रह दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया।

## PhD Completion:-

**डॉ.  सुमिक्षल सूद ने वर्ष 2024 में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से पी.एच.डी की डिग्री प्राप्त की।**

**डॉ.आस्था गुप्ता ने भी वर्ष 2024 में आईआईटी मंडी से पी.एच.डी की डिग्री प्राप्त की।**

## रेड रिबन क्लब:-

रेड रिबन क्लब भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया एक आंदोलन है जिसके माध्यम से छात्र एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने में मदद करते हैं। यह क्लब नियमित रूप से आस पास के गावों में रेड रिबन क्लब के द्वारा एड्स के बारे में जागरूकता फैलाता है। एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देशीय से कॉलेज में रेड रिबन क्लब का गठन किया गया। क्लब में कुल 50 छात्र नामांकित हैं। कॉलेज द्वारा मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के

संबंध में जागरूकता अभियान, पोस्टर बनाना, नारा लेखन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, हस्ताक्षर अभियानों, रैलियों, नाटकों, परिचर्चाओं आदि के माध्यम से एचआईवी/एड्स से संबंधित जागरूकता का प्रसार किया जा रहा है। हमारे छात्रों ने समय- समय पर सरकार द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया है।

**नोडल अधिकारी:-** प्रो. किरण शर्मा

**सह प्रभारी:-** प्रो. रजनी देवी

**2024-25 में रेड रिबन क्लब द्वारा संचालित गतिविधियां:**

1.रेड रिबन क्लब के द्वारा एड्स जागरूकता पर पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन प्रतियोगिता और रैली का आयोजन महाविद्यालय परिसर में दिनांक 10/10/2024 को किया गया।

2. रेड रिबन क्लब के द्वारा विश्व एड्स दिवस पर दिनांक 28/11/2024 को स्टोन पेंटिंग व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## रोवर्स एवं रेंजर्स:-

इस महाविद्यालय में 18 से 23 वर्ष तक के आयु वर्ग के उत्साही, कर्मठ व ईमानदार युवाओं के लिए रेंजर्स और रोवर्स की एक इकाई का गठन किया गया है।

**रोवर्स के अधिकारी:-** प्रो. अरविंद कुमार

**रेंजर्स के अधिकारी**:- प्रो. रजनी देवी

उपलब्धियां:-

1. महाविद्यालय के पांच रोवर्स और चार रेंजर ने हिमाचल प्रदेश राज्य स्तरीय निपुण टेस्टिंग केंद्र रिवालसर जिला मंडी में पांच दिवसीय शिविर में भाग लिया जिसमें रोवर्स रेंजर्स अधिकारी भी मुख्य रूप से शामिल रहे।

## रोड सेफ्टी क्लब

कँवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में रोड सेफ्टी क्लब का गठन किया। क्लब को गठित करने का उद्देश्य छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमो के प्रति करना है । क्लब के द्वारा निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया गया ।

**प्रभारी** :- प्रो अरविन्द कुमार

**सह - प्रभारी** :- प्रो सचिन कुमार

- 28-11-24:- क्लब के द्वारा नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें महाविद्यालय के सभी छात्रों ने बढ़ - चढ़ कर हिस्सा लिया । इसका मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा पर छात्रों को जागरूक करवाना रहा ।
- 04-12-2024:- सड़क सुरक्षा क्लब के द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।
- 14-12-2024:- क्लब के द्वारा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।
- 18-12-2024:- सड़क सुरक्षा क्लब के द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।
- 18-12-2024:- सड़क सुरक्षा क्लब के द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया । जिसमे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो उपेंद्र शर्मा ने छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया ।

## प्रहरी क्लब

**प्रभारी :-** प्रो अरविन्द कुमार

**सह - प्रभारी :-** प्रो सरजनी नेगी

कँवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर मे□ नशा मुक्त भारत अभियान के तहत प्रहरी क्लब का गठन किया गया । इसमें विभिन्न कक्षाओं के 30 छात्र व् छात्राएं प्रहरी क्लब के सदस्य है । क्लब को गठित करने का उद्देश्य छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करना है ।

- 28-11-2024:- प्रहरी क्लब के द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसमें महाविद्यालय के सभी छात्रों ने बढ़ - चढ़ कर हिस्सा लिया। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करना रहा ।

## इको क्लब

**प्रभारी :-** डॉ आस्था गुप्ता

**सह - प्रभारी :-** प्रो सरजनी नेगी

इको क्लब या ग्रीन क्लब एक स्वैच्छिक समूह है। जो अपने पर्यावरण के बारे में सीखने और उसे बेहतर बनाने में छात्रों की भागीदारी को बढ़ावा देता है। ग्रीन क्लब एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा छात्र और युवा इस मुद्दे के बारे में और अधिक जानने के लिए खुद को संगठित कर सकते हैं, और अपने तात्कालिक वातावरण को बेहतर बनाने के लिए कार्रवाई भी कर सकते हैं। महाविद्यालय में इको क्लब का गठन 15-03 -2021 को किया गया।

- 31-07-2024:- को इको क्लब के द्वारा हर्बल उद्यान में औषधीय पौधों का रोपण किया गया उद्देश्य छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करना है। इसका उद्देश्य छात्रों को औषधीय पौधों के बारे में जागरूक करना रहा।

## संगणक प्रयोगशाला (कंप्यूटर लैब )

कँवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय में कॉलेज के विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए समुचित कंप्यूटर सुविधा उपलब्ध है। वर्तमान में महाविद्यालय में दो कंप्यूटर प्रयोगशालाएं है। आज के युग में पढ़ाई किताबों तक ही सीमित नहीं रह गई है। इसलिए आजकल विद्यार्थी पढ़ाई करने के लिए इंटरनेट का सहारा भी ले रहे है। एडवांस टेक्नोलॉजी हमारी एजुकेशन को और अधिक आधुनिक बना रह है। कंप्यूटर लैब में विद्यार्थियों के पढ़ने के लिए 41 आधुनिक कंप्यूटर है और सभी कंप्यूटर इंटरनेट की सुविधा से जुड़े हुए है।

## कॉलेज वेबसाइट

कँवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय की अपनी www.gdcjaisinghpur.in वेबसाइट हैं। महाविद्यालय से संबंधित हर जानकारी इस वेबसाइट पर उपलब्ध रहती है। महाविद्यालय में दाखिले ऑनलाइन माध्यम से की जाने की सुविधा हैं जिससे छात्रों को घर बैठे सटीक जानकारी तुरंत प्राप्त होती हैं तथा हर एक सूचना वेबसाइट पर उपलब्ध रहती है और मौजूदा कार्यक्रम के बारे में पूर्ण जानकारी दी जाती हैं।
इसके अतिरिक्त विषयों तथा सभी विषयों से संबंधित विभागों व प्राध्यापकों की पूरी जानकारी महाविद्यालय वेबसाइट में मौजूद रहती है। जो छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होती है , जिन्हें कॉलेज से संबंधित किसी भी जानकारी की आवश्यकता होती है।

## महाविद्यालय पत्रिका

विद्यार्थियों की सृजन शक्ति को विकसित करने के लिए एवं उनमें लेखन प्रतिभा जागृत करने उद्देश्य से महाविद्यालय में पत्रिका " कुंज द्वार " संस्करण प्रकाशित किया गया एवं हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इसका संस्करण प्रकाशित किया जा रहा है।

## दृष्टि और लक्ष्य

महाविद्यालय के छात्रों को नवीनतम ज्ञान और बुद्धिमता प्राप्त करने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करना महाविद्यालय का मुख्य उद्देश्य है साथ ही छात्रों के सार्वभौमिक विकास पर ध्यान केंद्रित करना, ताकि वे अपने चुने हुए कार्य क्षेत्रों में प्रभावी नेतृत्व और योगदान देने में सक्षम बन सकें। कॉलेज का उद्देश्य सभी छात्रों को मानविकी, विज्ञान और वाणिज्य में मूल्य आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है, जिसमें शैक्षणिक खेल, सांस्कृतिक और पाठ्येतर गतिविधियों को अत्यधिक बढ़ावा देना है, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। छात्रों में बुद्धिमता और पेशेवर क्षमता विकसित करने के लिए उपलब्ध संसाधनों का कुशल और प्रभावी तरीके से उपयोग करना महाविद्यालय का मुख्य लक्ष्य हैं। साथ ही महाविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को समाज से जोड़ना तथा उनके अंदर नैतिक मूल्यों का विकास करना हैं। इस संबंध में संस्थान परिसर में समावेशी माहौल प्रदान कर रहा

है और समाज के वंचित वर्गों जैसे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और विकलांग छात्रों को सुविधा प्रदान  करने की पहल कर रहा है।

**<u>भविष्य योजना</u>**

महाविद्यालय के पूर्ण विकास के लिए तीनों संकाय (कला , विज्ञान और वाणिज्य) में छात्रों को ऑनलाइन व ऑफलाइन  माध्यम से शिक्षा प्रदान करने की तरफ महाविद्यालय कदम बढ़ा रहा है जिससे कोई भी छात्र तकनीकी सुविधाओं से वंचित न रहे। साथ ही सभी विषयों की कक्षाएं नियमित रूप से चलती रहें  और छात्रों का मार्गदर्शन करने के लिए ऑनलाइन व ऑफलाइन  माध्यम में सभी प्राध्यापक मौजूद रह सकें, ऐसी व्यवस्था की गयी है। महाविद्यालय स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों पर भी अपना ध्यान केंद्रित किया है,जिसके अंतर्गत बीसीए और पीजीडीसीए के पाठ्यक्रम आरंभ किये गए। महाविद्यालय के लिए केंद्रीय अनुदान राशि हासिल करने के लिए जल्द से जल्द National Assessment and Accreditation Council (NAAC) से Accreditation करवाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। जिसके लिए महाविद्यालय छात्र केंद्रित अभ्यास और गतिविधियों  पर कार्य कर रहा हैं।

**धन्यवाद /आभार**

*अंत में, मै समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से इस समारोह के मुख्य - अतिथि माननीय ई. यादविंद्र गोमा जी ,मंत्री ( आयुष , युवा सेवाएं और खेल , कानून एवं विधि परामर्श ) हिमाचल प्रदेश सरकार का धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने अपनी व्यस्तताओं के बावजूद अपना अमूल्य समय देकर हमारे महाविद्यालय के छात्रों का मार्गदर्शन किया व हमारे बीच पधार कर इस समारोह की गरिमा बढ़ाई। समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का भी मैं धन्यवाद करता हूँ।*

*मैं अपने सभी सहयोगी अध्यापकों एवं कर्मचारियों , केंद्रीय छात्र संघ व समस्त विद्यार्थियों का भी धन्यवाद करता हूँ, जिन्होंने अपनी कर्तव्य निष्ठा, अनुशासन और सकारात्मक सहयोग से इस समारोह को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास में अध्यापक अभिभावक संघ , पूर्व छात्रसंघ , भवन निधि समिति के सदस्यों का भी उनके सक्रिय सहयोग के लिए बहुत बहुत साधुवाद।*

**धन्यवाद।**

**जय हिन्द।** **जय हिमाचल।**

तिथि :- .06 मार्च 2025

**प्रो. उपेंद्र शर्मा**
**प्राचार्य**
**कँवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय**
**जयसिंहपुर, काँगड़ा हिमाचल प्रदेश**